AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

अब कॉलेजों के दाखिले भी करेगा लविवि

चुकाना होगा शुल्क, केंद्रीयकृत प्रवेश के लिए विवि ने जारी किया नोटिफिकेशन

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय सत्र 2023-24 में केंद्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया के माध्यम से दाखिले लेगा। इसके लिए बृहस्पतिवार को विवि ने विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए नोटिफिकेशन जारी कर दिया।

इस बार दूसरे जिलों के सहयुक्त महाविद्यालय भी केंद्रीयकृत प्रणाली के तहत प्रवेश प्रक्रिया में शामिल हो सकेंगे। कुलपति ने इस पर सहमति दे दी है। प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 31 मई है। अब सीतापुर, हरदोई, लखीमपुर और रायबरेली के महाविद्यालय भी इस प्रक्रिया में भाग ले सकेंगे।

एमएड, बीएलएड, बीपीएड व एमपीएड में केंद्रीयकृत प्रक्रिया से ही होंगे प्रवेश

लविवि के कुलसचिव संजय मेधावी ने केंद्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया के लिए सभी सहयुक्त महाविद्यालयों के प्राचार्यों को पत्र भेजकर प्रक्रिया में शामिल होने का अनुरोध किया है।

कुलसचिव की ओर से जारी किए गए पत्र में कहा गया कि जो भी सहयुक्त महाविद्यालय केंद्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया में शामिल होना चाह रहे हैं, वे पाठ्यक्रमों के विवरण संबंधित सहभागिता शुल्क आरटीजीएस के माध्यम से जमा कर प्रवेश प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। इसके लिए महाविद्यालयों को विवि की ओर से जारी प्रारूप को भरकर lucentral-izedadmissions2023@gmail.com पर मेल करना होगा। इसकी अंतिम तारीख 31 मई है। महाविद्यालयों को सामान्य एवं प्रोफेसनल पाठ्यक्रम का सहभागिता शुल्क अलग-अलग अदा करना होगा।

कुलसचिव संजय मेधावी के अनुसार, लविवि और सहयुक्त महाविद्यालयों में एनसीटीई के नियमों के मुताबिक एमएड, बीएलएड, एमपीएड और बीपीएड में प्रवेश केंद्रीयकृत प्रक्रिया से ही होंगे। इसलिए जिन सहयुक्त महाविद्यालयों ने अब तक आवेदन नहीं किया है, वे तत्काल आवेदन करें।

यह होगा शुल्क

- प्रोफेशनल पाठ्यक्रम के लिए महाविद्यालय को एक लाख रुपये सहभागिता शुल्क और 18 प्रतिशत जीएसटी (अधिकतम दो पाठ्यक्रमों के लिए) दो से अधिक पाठ्यक्रमों के लिए पचास हजार सहभागिता शुल्क और 18 प्रतिशत जीएसटी (प्रति अतिरिक्त पाठ्यक्रम) देना होगा।
- सामान्य पाठ्यक्रम के लिए पचास हजार सहभागिता शुल्क और 18 प्रतिशत जीएसटी (अधिकतम दो पाठ्यक्रमों के लिए) दो से अधिक पाठ्यक्रमों के लिए पच्चीस हजार सहभागिता शुल्क और 18 प्रतिशत जीएसटी (प्रति अतिरिक्त पाठ्यक्रम) देना होगा।

लविवि के छात्र दिव्यांश ने रचा इतिहास

लखनऊ। लविवि के मास्टर्स ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन के छात्र दिव्यांश श्रीवास्तव ने एक बार फिर से इतिहास रचा है। दिव्यांश ने नौ हजार फीट ऊंचाई पर पैराग्लाइडिंग करते हुए गिटार पर गाना गाया है। यह करते हुए दिव्यांश ने अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा है। इससे पहले दिव्यांश ने आठ हजार फीट पर पैराग्लाइडिंग कर गाना गाकर इतिहास रचा था। 22 साल की उम्र में ऐसा करने वाले पूरे एशिया में वे एक मात्र व्यक्ति हैं। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय और अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन ने दिव्यांश को शुभकामनाएं दी हैं। (संवाद)

बीएससी, एमएससी की सम सेमेस्टर की कक्षाएं 10 से

लखनऊ। लविवि के रसायन विज्ञान विभाग में बीएससी और एमएससी की सम सेमेस्टर की कक्षाएं 10 अप्रैल से शुरू होंगी। विभागाध्यक्ष प्रो. अनिल मिश्रा के मुताबिक, केमिस्ट्री के दूसरे, चौथे और छठे सेमेस्टर की कक्षाओं के संचालन का टाइम टेबल विभाग के पोर्टल पर अपलोड करते हुए नोटिस बोर्ड पर लगा दिया गया है। एमएससी फार्मास्युटिकल चौथे सेमेस्टर और एमएससी केमिस्ट्री के विद्यार्थियों को मास्टर थीसिस के लिए एक प्रोजेक्ट वर्क भी करना होगा। इस दौरान डिग्री की आंशिक पूर्ति की रिपोर्ट जमा करनी होगी। (संवाद)

हर्षवर्धन ने जीती एस्ट्रोग्राफी प्रतियोगिता



लखनऊ। लविवि के भौतिक व खगोल शास्त्र विभाग के स्नातक छात्र हर्षवर्धन पाठक ने हंटिंग यंग आउटबर्स्टिंगन स्टार्स, सिटिजन साइंस प्रोजेक्ट की ओर से आयोजित अंतराष्ट्रीय एस्ट्रोग्राफी प्रतियोगिता में जीत हासिल की है। प्रवक्ता दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि डॉ. एलेक्स स्कोल्ज और जस्टिन खैपबेल व्हाइट के निर्देशन में आयोजन हुआ। यह एक एलसीओ ग्लोबल स्काई पार्टनर है जो वैश्विक स्तर पर खगोल विज्ञान के क्षेत्र में वैज्ञानिक अनुसंधान और शिक्षा की सुविधा देने में मदद करता है। (संवाद)

HINDUSTAN PAGE 6

एलयू: दिव्यांश ने अपना रिकॉर्ड तोड़ा

एलयू के लुंबा के छात्र दिव्यांश नया कीर्तिमान रचते हुए।

लखनऊ। एलयू के मास्टर्स ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (लुंबा) के छात्र दिव्यांश कुमार श्रीवास्तव ने एक नया कीर्तिमान रचा है। नैनीताल के नौकुचियाताल में आठ हजार फीट की ऊंचाई पर पैराग्लाइडिंग करते हुए गिटार बजाने वाले 22 वर्षीय दिव्यांश ने खुद अपना रिकॉर्ड तोड़ा है। विवि के आईपीपीआर निदेशक डॉ. दुर्गेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि बीते साल मार्च में दिव्यांश ने जब गिटार लेकर पैराग्लाइडिंग की थी तब उनका नाम सिर्फ इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज हुआ था। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय व अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन ने बधाई दी।

एलयू: एस्ट्रोफोटोग्राफी में छात्र हर्षवर्धन प्रथम

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के भौतिकी व खगोलशास्त्र विज्ञान के तृतीय वर्ष के छात्र हर्षवर्धन पाठक ने हंटिंग यंग आउटबर्स्टिंग स्टार्स द्वारा आयोजित इंटरनेशनल एस्ट्रोफोटोग्राफी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया है। जबकि अमेरिका व यूनाइटेड किंगडम के छात्रों को दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बधाई दी।

i-NEXT PAGE 5

एस्ट्रो फोटोग्राफी कंप्टीशन में एलयू छात्र विजेता

ऑस्ट्रेलिया में ऑनलाइन माध्यम से हुई थी प्रतियोगिता

LUCKNOW (30 March): लखनऊ विश्वविद्यालय के स्नातक तीसरे वर्ष भौतिकी व खगोलशास्त्र के छात्र हर्षवर्धन पाठक ने हंटिंग यंग आउटबर्स्टिंग स्टार्स सिटिजन (एचओवाइएस) साइंस प्रोजेक्ट की ओर से आस्ट्रेलिया में आयोजित अंतरराष्ट्रीय एस्ट्रोफोटोग्राफी प्रतियोगिता में पहला स्थान हासिल किया है. आनलाइन माध्यम से हुई इस प्रतियोगिता में सात देशों से 300 फोटोग्राफ आई थीं, जिसमें एलयू छात्र की फोटोग्राफ का चयन करके पहला स्थान दिया गया. वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने छात्र को बधाई दी.

छायाचित्र बनाना था

एचओवाइएस प्रोजेक्ट के अंतर्गत वैज्ञानिक परिशीलन की दृष्टि से महत्वपूर्ण कुछ खगोलीय लक्ष्यों को चिन्हित कर 0.4एम एलसीओ ग्लोबल रोबोटिक टेलिस्कोप सुविधा के माध्यम से छायांकन करने के बाद डाटा प्रोसेसिंग कर उनका एक छायाचित्र बनाना था. परिणाम में एचओवाइएस-एलसीओ-थ्री पिक्चर प्रतियोगिता में हर्षवर्धन विजेता घोषित किया गया.खगोलशास्त्र की प्राध्यापक प्रो. अलका मिश्रा ने छात्र व टीम के मार्गदर्शक को बधाई दी.

NBT PAGE 4

एलयू के दिव्यांश का एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज

■ एनबीटी सं, लखनऊ : एलयू के स्टूडेंट ने 9 हजार फीट की ऊंचाई पर 100 सेकेंड तक गिटार वजाया और गाना भी गाया। उन्होंने पूर्व के अपने ही रेकॉर्ड को तोड़ा है। उनका नाम एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज हो गया है। यह रेकॉर्ड उन्होंने दिसम्बर 2022 में बनाया था। दर्ज अब हुआ है। एलयू के मास्टर्स ऑफ विजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (लुंबा) के छात्र दिव्यांश कुमार श्रीवास्तव ने नैनीताल के नौकुचियाताल में आठ हजार फीट की ऊंचाई पर पैराग्लाइडिंग करते हुए गिटार वजाया था। पिछले वर्ष साल मार्च में दिव्यांश ने गिटार लेकर पैराग्लाइडिंग की थी। तब उनका नाम सिर्फ इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज हुआ था। इस बार दिव्यांश उन्होंने 9 हजार फीट की ऊंचाई पर पैराग्लाइडिंग करते हुए गिटार बजाकर लगभग 100 सेकेंड्स का गाना गाया। यह रिकॉर्ड रजिस्टर अभी हुआ है।

पैराग्लाइडिंग करते हुए 9 हजार फीट की ऊंचाई पर 100 सेकेंड तक बजाया गिटार, गाया गाना

एस्ट्रोफोटोग्राफी में हर्षवर्धन प्रथम

■ एनबीटी सं, लखनऊ: लखनऊ यूनिवर्सिटी के भौतिकी और खगोलशास्त्र विज्ञान के तृतीय वर्ष के छात्र हर्षवर्धन पाठक ने हंटिंग यंग आउटबर्स्टिंग स्टार्स की ओर से आयोजित इंटरनेशनल एस्ट्रोफोटोग्राफी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया है। दूसरी ओर अमेरिका व यूनाइटेड किंगडम के स्टूडेंट्स को दूसरा और तीसरा स्थान मिला है। यह प्रतियोगिता केंट विश्वविद्यालय के डॉ. डिर्क फ्रोब्रिच, सेंट एंड्रयूज विवि के डॉ.एलेक्स स्कोल्ज और डंडी विवि के जस्टिन कैंपबेल-व्हाइट के सह निर्देशन में आयोजित की थी।

JAGRAN CITY PAGE III

पैराग्लाइडिंग करते हुए गिटार पर गाना गाते दिव्यांश ● सौजन्य: लविवि

पैराग्लाइडिंग संग गिटार बजाकर गाने का रिकार्ड

लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय में एमबीए के छात्र दिव्यांश कुमार श्रीवास्तव ने नौ हजार फीट की ऊंचाई पर पैराग्लाइडिंग करते हुए गिटार बजाकर गाना गाने का एशिया का रिकार्ड बनाया है। इससे पहले भी वह आठ हजार फीट की ऊंचाई पर यह रिकार्ड बना चुके हैं। नया रिकार्ड बनाने पर कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय और अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन ने उन्हें बधाई दी है। (जासं)

तीन से जूलाजी की कक्षाएं

लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय के जूलाजी और केमिस्ट्री विभाग ने बीएससी व एमएससी सम सेमेस्टर कक्षाओं की समय सारिणी गुरुवार को जारी कर दी है। बीएससी-एमएससी जूलाजी, बीएससी जेनेटिक्स एंड जिनोमिक्स दूसरे व चौथे सेमेस्टर की कक्षाएं तीन अप्रैल से शुरू होंगी। (जासं)

एस्ट्रो फोटोग्राफी प्रतियोगिता में लवि छात्र विजेता

हर्षवर्धन पाठक

जासं, लखनऊ : लवि के स्नातक तीसरे वर्ष भौतिकी व खगोलशास्त्र के छात्र हर्षवर्धन पाठक ने हंटिंग यंग आउटबर्स्टिंग स्टार्स सिटिजन (एचओवाइएस) साइंस प्रोजेक्ट की ओर से आस्ट्रेलिया में आयोजित अंतरराष्ट्रीय एस्ट्रोफोटोग्राफी प्रतियोगिता में पहला स्थान हासिल किया है। आनलाइन माध्यम से हुई इस प्रतियोगिता में सात देशों से 300 फोटोग्राफ आई थीं, जिसमें लवि छात्र की फोटोग्राफ का चयन करके पहला स्थान दिया गया।

केंद्रीयकृत प्रणाली से कालेजों में दाखिले का मौका

31 मई तक डिग्री कालेज कर सकते हैं लवि में आवेदन, गाइडलाइन जारी

जासं, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय ने नए सत्र 2023-24 के लिए केंद्रीय प्रणाली के तहत दाखिले की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। इसमें लखनऊ, लखीमपुर खीरी, हरदोई, सीतापुर व रायबरेली के महाविद्यालयों को जुड़ने के लिए 31 मई तक मौका दिया गया है। निर्धारित प्रक्रिया के तहत कालेज शुल्क जमा करके इसमें जुड़ सकते हैं।

सत्र 2020-21 से विश्वविद्यालय केंद्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया के तहत कालेजों को इसमें जुड़ने का प्रस्ताव देता आ रहा है। छात्र-छात्राओं को काउंसिलिंग के समय कालेज एवं पाठ्यक्रम चुनने का विकल्प दिया जाता है। बीते 27 मार्च से आगामी सत्र के लिए स्नातक की आनलाइन आवेदन प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। अब केंद्रीयकृत प्रणाली के तहत कालेजों को शामिल होने के लिए गुरुवार को गाइडलाइन जारी की गई है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव संजय मेधावी ने बताया कि इस प्रणाली में पांचों जिलों के जो भी डिग्री कालेज शामिल होना चाहें, वे 31 मई तक आवेदन कर सकते हैं। सामान्य और प्रोफेशनल कोर्सों में अलग-अलग शुल्क निर्धारित है, जिसे कालेजों को आवेदन के समय जमा करना है।

यह है केंद्रीयकृत शुल्क : प्रोफेशनल पाठ्यक्रम के लिए -एक लाख रुपये और 18 प्रतिशत जीएसटी (अधिकतम दो पाठ्यक्रमों के लिए), 50 हजार रुपये और 18 प्रतिशत जीएसटी (दो से अधिक प्रति अतिरिक्त पाठ्यक्रम)।

सामान्य पाठ्यक्रम के लिए प्रति कालेज : 50 हजार रुपये और 18 प्रतिशत जीएसटी (अधिकतम दो पाठ्यक्रमों के लिए), 25 हजार रुपये और 18 प्रतिशत जीएसटी (दो से अधिक प्रति अतिरिक्त पाठ्यक्रम)।

एमएड, बीएलएड, बीपीएड, एमपीएड में सीधे प्रवेश नहीं : लवि से सम्बद्ध पांचों जिलों के डिग्री कालेज एमएड, बीएलएड, बीपीएड व एमपीएड पाठ्यक्रम में सीधे प्रवेश नहीं ले सकेंगे। इनमें दाखिले केंद्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया से होंगे। इसके अलावा किसी भी माध्यम से प्रवेश अनुमन्य नहीं होंगे। कुलसचिव ने बताया कि जिन कालेजों में यह कोर्स संचालित हैं, उन्हें निर्धारित प्रक्रिया के तहत लवि में आवेदन करना होगा। अन्यथा किसी प्रतिकूल परिस्थिति के लिए कालेज स्वयं उत्तरदायी होंगे।

एनईपी में हो रही एनसीसी की पढ़ाई

जासं, लखनऊ: एनसीसी (राष्ट्रीय कैडेट कोर) का क्रेज अब कैडेट्स के अलावा नान कैडेट्स में भी बढ़ रहा है। नई शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत विश्वविद्यालयों में एनसीसी पाठ्यक्रम का हिस्सा बन चुका है। ऐसे में एनसीसी नहीं करने वाले विद्यार्थी भी इसे एक विषय के रूप में पढ़ना चाहते हैं। लवि में माइनर कोर्स में एनसीसी की पढ़ाई चल रही है। इसमें प्रैक्टिकल के साथ थ्योरी की पूरी क्लास चलती है। नए सत्र में इसे और विस्तार दिया जाएगा। लवि ने सबसे पहले नई शिक्षा नीति को स्नातक और परास्नातक पाठ्यक्रमों में शुरू किया। इसमें स्नातक में एनसीसी का माइनर सब्जेक्ट के तौर पर चार क्रेडिट का कोर्स भी चलाया जा रहा है। अभी एक सेक्शन में 80 छात्र-छात्राएं एनसीसी की पढ़ाई कर रहे हैं। इसमें नान कैडेट्स भी शामिल हैं, जो एनसीसी को एक विषय के तौर पर पढ़ रहे हैं।

PIONEER PAGE 3

हर्षवर्धन ने जीती अन्तरराष्ट्रीय एस्ट्रो फोटोग्राफी प्रतियोगिता

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय के भौतिकी व खगोलशास्त्र के स्नातक तृतीय वर्ष के छात्र हर्षवर्धन पाठक ने हॉयस (हॉटिंग यंग आउटबर्स्टिंग स्टास) सिटिजन साइन्स प्रोजेक्ट द्वारा आयोजित अन्तरराष्ट्रीय एस्ट्रो फोटोग्राफी प्रतियोगिता में जीत हासिल की है। डॉ डिर्क फ्रोब्रिच (केंट विश्वविद्यालय), डॉ एलेक्स स्कोल्ज़ (सेंट एंड्रयूज विश्वविद्यालय) और जस्टिन कैंपबेल व्हाइट (डंडी विश्वविद्यालय) के सह निर्देशन में आयोजित हॉयर प्रोजेक्ट एक एलसीओ ग्लोबल स्काई पार्टनर है, जो वैश्विक स्तर पर खगोल विज्ञान के क्षेत्र में वैज्ञानिक अनुसंधान और शिक्षा की सुविधा प्रदान करने के लिए स्थापित लास कम्ब्रेस ऑब्जर्वेटरी ग्लोबल टेलीस्कोप नेटवर्क को संदर्भित करता है।

इस वृहद प्रोजेक्ट के अन्तर्गत वैज्ञानिक परिशीलन की दृष्टि से महत्वपूर्ण कुछ खगोलीय लक्ष्यों को चिन्हित कर 0.4 एम एलसीओ ग्लोबल रोबोटिक टेलिस्कोप सुविधा के माध्यम से छायांकन करने के उपरान्त डाटा प्रोसेसिंग कर उनका एक छायाचित्र बनाना था। 27 मार्च, 2023 को आयोजकों द्वारा घोषित परिणाम में हॉयस एलसीओ 3 पिक्चर प्रतियोगिता में हर्षवर्धन विजेता घोषित किये गए हैं। प्रतियोगिता के विजेता घोषित होने के पुरस्कार के रूप में हर्षवर्धन और अन्य विजेताओं को 0.4एम एलसीओ टेलीस्कोप नेटवर्क पर किसी भी आकाशीय वस्तु का निरीक्षण करने के लिए अवलोकन हेतु व्यक्तिगत समय प्राप्त होगा। लखनऊ विश्वविद्यालय कुलपति प्रो आलोक कुमार राय तथा डीन अकादमिक प्रो पूनम टंडन ने अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता विजयी छात्र को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। खगोलशास्त्र की प्राध्यापक प्रो अलका मिश्रा ने इस उपलब्धि के लिए विजेता छात्र हर्षवर्धन पाठक व टीम के मार्गदर्शक को बधाई देते हुए अन्य छात्रों से अधिक से अधिक संख्या में खगोल विज्ञान से जुड़ी गतिविधियों में प्रतिभागिता करने का आह्वान भी किया।

एमबीए के छात्र दिव्यांश ने तोड़ा अपना रिकार्ड, 9000 फीट ऊंचाई पर बजाया गिटार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

एमबीए के छात्र दिव्यांश ने फिर रचा पैराग्लाइडिंग करते हुए गिटार पर गाने का रिकार्ड 9000 फीट की ऊंचाई पर पैराग्लाइडिंग करते हुए गिटार पर गाना गाकर अपना ही रिकॉर्ड तोड़ दिया है। इसके पहले उन्होंने 8000 फीट की ऊंचाई पर पैराग्लाइडिंग करते हुए गिटार पर गाने के लिए ग्लोब के चारों ओर एकमात्र व्यक्ति बनकर अपना रिकॉर्ड बनाया था। अब वह इस तरह का प्रयास करने वाले और अभी भी ग्लोबल रनर अप होने वाले पूरे एशिया में एकमात्र व्यक्ति हैं। विवि के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय तथा अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो पूनम टंडन ने दिव्यांश को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह विश्वविद्यालय के लिए अत्यंत गर्व का क्षण है।

AMRIT VICHAR PAGE 4

केंद्रीयकृत प्रवेश के लिए कॉलेज करें आवेदन

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय ने अपने सभी संबद्ध महाविद्यालयों को केन्द्रीय प्रवेश प्रक्रिया के तहत शामिल करेगा। इसके लिए जल्द से जल्द आवेदन करना होगा। ये आदेश पांचों जिलों के संबद्ध महाविद्यालयों पर भी लागू होगा। गुरुवार को रजिस्ट्रार संजय मेधावी ने सभी कॉलेजों को आदेश जारी कर दिया है। इसके साथ ही सभी कॉलेजों को प्रारूप भी जारी किया गया है।

जारी प्रारूप में कॉलेजों को शामिल होने के लिए आवेदन फॉर्म व शुल्क का विवरण है। कुलसचिव संजय मेधावी ने बताया कि कॉलेज को केंद्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया में दो प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों के लिए एक लाख और दो से अधिक होने पर प्रति पाठ्यक्रम 50 हजार देना होगा।

सक्रियता

- संबद्ध महाविद्यालयों को लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलसचिव ने जारी किया आदेश
- प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों के लिए देना होगा एक से दो लाख जीएसटी अलग से

18 प्रतिशत जीएसटी सीधे भी ले सकेंगे प्रवेश

कुल सचिव के मुताबिक शुल्क के साथ-साथ 18 प्रतिशत जीएसटी भी देय होगा। सामान्य पाठ्यक्रमों के लिए यह क्रमश 50 व 25 हजार होगा। हालांकि कॉलेज बाध्य नहीं हैं। वह सीधे भी प्रवेश ले सकता है। सिर्फ एनसीटीई से मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रमों में सीधे एडमिशन नहीं लिए जा सकेंगे।

"एनसीटीई से मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रमों में विश्वविद्यालय की ओर से केन्द्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया के माध्यम से ही प्रवेश किया जाएगा। इसके अतिरिक्त किसी माध्यम से प्रवेश मान्य नहीं होगा।

-डॉ. दुर्गेश कुमार श्रीवास्तव, प्रवक्ता लखनऊ विश्वविद्यालय

इन कोर्सों में केन्द्रीयकृत प्रवेश अनिवार्य

बीएलएड, बीपीएड, एमपीएड व एमएड में केंद्रीयकृत प्रवेश अनिवार्य रूप से लागू की गई है। कुलसचिव संजय मेधावी ने सहयुक्त महाविद्यालयों को निर्देश दिए हैं कि उनके यहां संचालित चार प्रोफेशनल कोर्सों में प्रवेश के लिए केन्द्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया में आवेदन करना होगा। ऐसा न करने पर प्रवेश मान्य नहीं होगा। ये आदेश लखनऊ, हरदोई, रायबरेली, सीतापुर और लखीमपुर खीरी में स्थित महाविद्यालयों को मानना होगा।

एस्ट्रोफोटोग्राफी प्रतियोगिता में लविवि के हर्षवर्धन प्रथम

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

हर्षवर्धन पाठक

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय के भौतिकी व खगोलशास्त्र विज्ञान के तृतीय वर्ष के छात्र हर्षवर्धन पाठक ने इंटिंग यंग आउटबर्स्टिंग स्टार्स द्वारा आयोजित इंटरनेशनल एस्ट्रोफोटोग्राफी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया है। जबकि अमेरिका व यूनाइटेड किंगडम के छात्रों को दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त हुआ।

यह प्रतियोगिता केंट विश्वविद्यालय के डॉ. डिर्क फ्रोबिच, सेंट एंड्रयूज विवि के डॉ. एलेक्स स्कोल्ज और ठंडी विवि के जस्टिन कैंपबेल-व्हाइट के सह निर्देशन में आयोजित किया गया था। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय, अधिष्ठाता अकादमिक प्रो पूनम टंडन और खगोलशास्त्र की प्राध्यापिका प्रो. अलका मिश्रा ने छात्र को बधाई दी।

लविवि के छात्र ने रचा इतिहास

- 9000 फीट की ऊंचाई पर पैराग्लाइडिंग करते हुए गिटार पर गाना गाकर तोड़ा अपना ही रिकॉर्ड

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

पैराग्लाइडिंग करते हुए गिटार पर गाना गाता दिव्यांश कुमार। अमृत विचार

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय के मास्टर्स ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग के छात्र ने नया इतिहास रचा है।

छात्र दिव्यांश कुमार श्रीवास्तव ने सबसे पहले उन्होंने 8000 फीट की ऊंचाई पर पैराग्लाइडिंग करते हुए गिटार पर गाने के लिए ग्लोब के चारों ओर एकमात्र व्यक्ति बनकर अपना रिकॉर्ड बनाया। और अब उन्होंने 9000 फीट की ऊंचाई पर पैराग्लाइडिंग करते हुए गिटार पर गाना गाकर अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा।

22 साल के छात्र दिव्यांश इस तरह का प्रयास करने वाले पूरे एशिया में एकमात्र व्यक्ति हैं। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय तथा अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो पूनम टंडन ने दिव्यांश को शुभकामनायें देते हुए कहा कि यह विश्वविद्यालय के लिए अत्यंत गर्व का क्षण है।

TOI PAGE 3

Admission process for LU UG courses begins

Exams Likely Between June 15-25

TIMES NEWS NETWORK

Lucknow: Lucknow University (LU) on Thursday opened the online window for applications to admission in its undergraduate courses.

This will include affiliated colleges that agree to be part of the centralised admission process of the varsity. The applications can be filed till May 31.

Like previous years, LU will be conducting an entrance test for admission to all its undergraduate courses and counselling will be in online mode.

"Candidates who want to enroll themselves in undergraduate courses in LU or any other college affiliated to it in five districts under its jurisdiction will first have to fill a form to get the Lucknow University's Registration Number (LURN), the link of which has been made available on varsity's official website," said LU spokesperson Durgesh Srivastav.

Thereafter, candidates can fill admission form for any of the courses.

The forms will be admissible for all colleges that opt for centralised admission process.

For those colleges which do not want to be part of the centralised system, candidates will have to file separate application forms of the respective colleges.

The entrance tests are likely between June 15 and 25.

"We have set a goal of declaring UG entrance test results on July 7 and will begin with the first phase of counselling by July 10," said Srivastav.

The exam will be based on multiple choice questions in which 100 questions will be asked. Each question carries 2 marks and there is no negative marking. Candidate will be given 90 minutes to write the exam.

"Candidates just need to study class XI and XII curriculum of their respective boards thoroughly to prepare for the entrance test," he said.

If a candidate is giving an entrance test for BA, questions will be from Hindi, English, geography, history, civics, psychology and economics. For BCom and BCom (Hons), questions will be from mental ability, commerce, accounting, commercial maths, economics and computer.

Similarly, for BSc (maths) questions from physics, chemistry, mathematics, mental aptitude and computer applications will be asked, while in BSc (biology) questions will be related to chemistry, botany, zoology, mental aptitude and basic knowledge of computer application.

Candidates of law will be tested on general legal awareness, history, geography, general science, reasoning and mental ability, he added.

LU has invited its 545 affiliated colleges to be part of university's centralised admission process.

Under it, a candidate will not have to fill separate application forms other than LU, if the respective college is part of LU's admission process.

However, for admission to master in education, bachelor in elementary education, bachelor in physical education and master in physical education a centralised admission will be held as instructed by the National Council for Teachers' Education.

INFO AT A GLANCE

MISSION ADMISSION

POINTS TO REMEMBER WHILE FILLING THE FORM — BENNETT UNIVERSITY

- A candidate first has to register himself/herself by filling **Lucknow University Registration Number (LURN)** application form by clicking on the link available on **LU's official** website
- While filling the application form, applicants should keep their registered mobile no. and **email ID** with them
- Both the **mobile no. & email ID** should be functional and active
- All relevant info regarding the admission process would be shared with the registered **contact no. & email ID**

In case the applicant forgets his/her Login Password, he/she can click on Forgot Password? Link & reset the password by submitting their Registration ID in the respective field. The new login details will be sent on their email id & mobile no.

HINDUSTAN TIMES PAGE 3

Making music at 9000ft, UP youth glides into record books

HT Correspondent
letters@hindustantimes.com

Divyance on a song SOURCED

LUCKNOW: "The thrill of adventure is worth a thousand days of ease and comfort," says Divyansh Kumar Srivastava from Lucknow, who expressed his love for music while paragliding at 9,000 feet.

Srivastava, 22, a musician by heart, a professional in a private firm and former MBA student of Lucknow University, sang a song for nearly 100 seconds while paragliding with pilot Amit Bhatt of the paragliding firm 'Flying Bird' at the height of 9,000 ft in the hills of Bhimtal, in Uttarakhand, recently.

This is not the first time that Srivastava, a resident of Sitapur, has done this. He had performed the feat before but at a height of 8,000 feet in March 2022.

Now, he has made it to the Asia Book of Records for 'Music performance at the highest altitude while paragliding by an individual', for which he has also received an email while the certificate he will receive in 48 hours.

According to Lucknow University, their former student Divyansh Kumar Srivastava has set a record for the only person in Asia to make such an attempt and is a global runner-up. Vice-Chancellor prof Alok Kumar Rai and dean students' welfare also congratulated Srivastava.

"Firstly, he created a record by being the only person around the globe to sing on a guitar while paragliding at a height of 8,000 ft. Now he breaks his own record by performing at a height of 9,000 ft at the age of 22," said LU in its statement.

When asked about where he got this idea, he said, "He saw a video on YouTube but the person never applied to and registered with a record-endorsing agency (like the Asia Book of Records). Hence, he thought of performing the act and setting a record in his name."

Srivastava runs a YouTube channel titled 'Dear Musik' and an Instagram page @dear.musik Instagram where he makes music videos. In order to do something different in music, he attempted this act and uploaded it on his channel. He also revealed that he had to lose 10 kg weight.

"My parents didn't know about this earlier but now they know. Initially, they were sacred but after being recognised, they are happy," he added.

VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

लविवि की केंद्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया में शामिल हों संबद्ध कॉलेज

लविवि की केंद्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया के तहत ही एमएड, बीएलएड, बीपीएड और एमपीएड में होंगे प्रवेश

वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने केंद्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया के तहत शैक्षणिक सत्र 2023-24 में प्रवेश के लिए लखनऊ समेत अन्य जिलों से सम्बद्ध कालेजों को भी जुड़ना होगा और उनका प्रवेश भी केंद्रीयकृत प्रणाली के तहत होगा। जानकारों की माने तो

● लविवि के कुलसचिव ने जारी किया आदेश

इस आदेश के बाद जिलों के कालेजों से विरोध के स्वर उठना तय है।

इस सम्बन्ध में लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलसचिव संजय मेधावी ने आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश के अनुसार विश्वविद्यालय से सहयुक्त महाविद्यालयों लखनऊ, हरदोई, रायबरेली, सीतापुर और लखीपुर खीरी में एनसीटीई से मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रमों एमएड, बीएलएड, बीपीएड और एमपीएड में प्रवेश एनसीटीई रेगुलेशन 2014 (भारत के राजपत्र) के भाग-3, खंड-4 के अनुच्छेद 4.3 के प्राविधानुसार विश्वविद्यालय द्वारा केंद्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया के माध्यम से प्रवेश किया जायेगा। इसके अतिरिक्त किसी अन्य माध्यम से प्रवेश मान्य नहीं होगा। आदेश में कहा गया कि जो भी महाविद्यालय इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए केंद्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया में भाग नहीं लिये है। उन्हें